जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित


(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-45 | जयपुर, सोमवार, 21 नवम्बर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


## पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक

# जल्द आयोजित होगा राजस्थान लोक कला उत्सव : मुख्यमंत्री

- 27 करोड़ के बजट से राज्य से लेकर पंचायत स्तर तक आयोजित होंगी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं
- राजस्थान की लोक कलाओं का उत्थान एवं संरक्षण मुख्य उद्देश्य
- 2022 में देशी पर्यटकों की संख्या में 90.4 प्रतिशत की वृद्धि
- ढोला मारू कॉम्पलेक्स का जल्द होगा निर्माण



जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पर्यटन का क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इससे बड़े स्तर पर रोजगार सृजित होता है, वहीं इससे प्राप्त होने वाली आय से राज्य के विकास को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट लोक कलाओं और संस्कृति के संरक्षण तथा उत्थान के लिए राज्य सरकार जल्द ही राजस्थान लोक कला उत्सव का आयोजन करने जा रही है। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राजस्थान लोक कला उत्सव से प्रदेश में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की आवक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान लोक कला उत्सव के आयोजन के लिए प्राथमिकता से प्रमुख स्थानीय पर्यटन स्थलों को चुना जाएगा। पर्यटन से जुड़े विभिन्न उद्योगों से समन्वय कर इसका पर्याप्त प्रचार सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राजस्थान में लगभग 22 प्रकार के लोक उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इन उत्सवों के माध्यम से सैलानी स्थानीय संस्कृति एवं लोक कलाओं का आनंद उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का प्रत्येक क्षेत्र अपनी अनूठी संस्कृति लिए हुए है। विभिन्न माध्यमों से राजस्थान की लोक कलाओं और संस्कृति के साथ-साथ यहां के विशिष्ट व्यंजनों का व्यापक स्तर पर प्रचार होना चाहिए।




## पीएम-किसान के लाभार्थी कृषक 31 दिसम्बर तक ई-केवाईसी सत्यापन करवाएं

जयपुर(नि.सं.)। रजिस्ट्रार, सहकारिता एवं स्टेट नोडल अधिकारी (पीएम-किसान), मेघराज सिंह रतनू ने बताया कि पीएम-किसान योजना के सभी लाभार्थी कृषकों को 31 दिसम्बर, 2022 तक ई-केवाईसी सत्यापन कराया जाना अनिवार्य किया गया है ताकि लाभार्थी कृषक को योजनान्तर्गत लाभ सुचारू रूप से मिल सके। ई-केवाईसी के अभाव में कृषकों को आगामी किश्तों से वंचित रहना पड़ सकता है। रतनू ने बताया कि कृषकों को नजदीकी ई-मित्र केन्द्र पर जाकर आधार कार्ड के द्वारा बायोमेट्रिक प्रणाली से ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण कराना होगा। सभी ई-मित्र केंद्र पर ई-केवाईसी के लिए शुल्क 15 रुपये प्रति लाभार्थी (कर सहित) निर्धारित किया गया है। आगामी किश्तों का लाभ ई-केवाईसी पूर्ण होने पर ही मिलेगा।



## सिमरत कौर खोसला को कला के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए मिला सीकर रत्न सम्मान

**सीकर (हमारा वतन)।** कथक कलाकर सिमरत कौर खोसला ने ज़ी टीवी चैनल के शो डीआईडी सुपर मॉम में अपनी एक अलग छाप छोड़ी।

उन्होंने कहा अब नई पीढ़ी के लिए कला और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान देने की जिम्मेदारी अधिक है। मैं निश्चित रूप से आज के दौर में अपनी कला को ऊपर उठाने और जीवित रखने के लिए अपना पूरा प्रयास करूंगी।

सीकर के कलाकारों को प्रोत्साहन की जरूरत है और अच्छे मंच की भी, कला और संस्कृति के आधार पर समाज के लिए भरसक प्रयास करूंगी। धन्यवाद करती हूं टीम एफएम का ऑनर अमित माथुर का जिन्होंने यह सम्मान दिया।

## पांच दिवसीय निशुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** आर एन नोवाल फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक दिवस के उपलक्ष में पांच दिवसीय निशुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय, आरोग्य भवन ,ओम विहार, जयपुर रोड ,चौमूं में किया गया । इस शिविर का उद्घाटन चौमूं एसडीएम प्रियव्रत सिंह चारण ने भगवान धन्वंतरी के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया । इस अवसर पर एस डी एम चारण ने कहा कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा आदि काल से चली आ रही विद्या है। मानव जीवन में इसका बहुत महत्व है, विशेषकर स्वास्थ्य सुधार के दृष्टिकोण में इसलिए व्यक्ति को प्रकृति के नियमों का पालन करना चाहिए और नियमित योग प्राणायाम करना चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रकृति के अनुसार आहार-विहार और दिनचर्या रखने पर व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रह सकता है। व्यक्ति को 24 घंटे में से कम से कम 45 मिनट तो योग प्राणायाम करना ही चाहिए ।



आर एन नोवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल ने बताया कि यह शिविर 22 नवंबर तक रहेगा इसका समय प्रातः 7 से 12 बजे तक रहेगा। इस शिविर में दर्द निवारक आयुर्वेदिक औषधि व दर्द निवारक तेल का वितरण भी निशुल्क किया जाएगा । इस शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा के उपचार योग प्राणायाम आदि के द्वारा रोगियों की चिकित्सा की जाएगी।इस शिविर में सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी वैद्य महेश कुमार शर्मा अपनी सेवाएं देंगे ।इस अवसर पर भारतीय योग आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की अध्यक्षा डॉ अल्पना शर्मा, चैतन्य जीवन सेवा संस्थान के सचिव चैतन्य शर्मा, आर्यावर्त योगपीठ के अध्यक्ष श्रवण कुमार सेन, नगरपालिका चौमूं के पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, समाजसेवी प्रेम सिंह सोलंकी, श्याम भक्त संघ चौमूं के अध्यक्ष पंकज कानूनगो, प्रफुल्ल विजयवर्गीय, एडवोकेट करणी प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।



## छोरो मारवाड़ी शो पर पहुंचे मशहूर कॉमेडियन लादू ठेकेदार व फूल सिंह पिपराली के कलाकार

**जयपुर (हमारा वतन)।** बरना गांव में छोरो मारवाड़ी शो पर मशहूर कॉमेडियन सुदीप डूडी (लादू ठेकेदार) और साथ में फूल सिंह पिपराली के कलाकार भी पहुंचे । डायरेक्टर विनोद शर्मा ने बताया कि इस शो में कलाकार हंस हंस के लोग लोटपोट हो गए । साथ ही बताया कि हमारा उद्देश्य यह है कि लोगों को हमारे द्वारा अच्छे से अच्छा संदेश पहुंचे । इस दौरान दीपक, अमन डूडी, ओम प्रकाश शर्मा, राजू खोज आदि उपस्थित रहे ।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# बाल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बच्चों को किया सम्मानित



**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान ललित कला अकादमी एवं पं.जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल दिवस समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनके साथ संवेदनशील दृष्टिकोण रखना और उनकी प्रतिभाओं को निखारना समाज का दायित्व है। पं. जवाहर लाल नेहरू ने बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए हमेशा प्रेरणा देते हुए उनके उत्थान को प्राथमिकता दी। बच्चों के हितों के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों में एक-दूसरे के प्रति नफरत की भावना नहीं होती, उनमें कोई रंग भेद, जाति भेद, धर्म भेद नहीं होता। वे हम सबको एकता का संदेश देते हैं। इस अवसर पर आफरीदी ने पं. नेहरू बाल कवि सम्मान तथा चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। 14 बाल कवियों को 5100-5100 रुपए और 28 बाल चित्रकारों को एक-एक हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के आरम्भ में नेहरू बाल साहित्य अकादमी के चैयरमेन इकराम राजस्थानी ने आगुन्तकों का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने देश की पहली बाल साहित्य अकादमी का गठन कर एक नया इतिहास रचा है। हम अकादमी के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कार्यक्रम आरम्भ करने जा रहे है।

राजस्थान ललित कला अकादमी के अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास ने कहा कि चित्र प्रतियोगिता में नेहरू जी के सपनों के भारत को लेकर बच्चों ने जो चित्र उकेरे हैं वे स्वागत योग्य है।

इस अवसर पर मेरे सपनों का भारत शीर्षक से 12 बच्चों ने स्वरचित काव्य पाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया।कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अवधेश दिवाकर ने कहा कि बच्चों पर किसी भी प्रकार का अत्याचार नहीं होना चाहिए यह जिम्मेदारी शिक्षकों और अभिभावकों की समान रूप से है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के निदेशक डॉ. बी.एल. सैनी ने कहा कि राजस्थान सरकार बालकों के स्वास्थ्य शिक्षा पोषण एवं तकनीकी ज्ञान सहित सर्वांगीण विकास के लिए अद्भुत काम कर रही है और राजस्थान के बच्चे देश विदेश में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। अब यह काम नेहरू बाल साहित्य अकादमी के माध्यम से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अन्त में नेहरू बाल साहित्य अकादमी के सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि पं. नेहरू के सपनों के अनुसार हमारी अकादमी विज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में बालकों की प्रतिभा को उजागर करने में जुट गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती



**चौमूं (हमारा वतन)।** शहर के मोरीजा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि इंदिरा गांधी ने कार्यकाल के दौरान नवाचार और सरलता का मार्ग प्रशस्त किया। हरित क्रांति, निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण, शिमला समझौते के फलस्वरुप बांग्लादेश का उदारीकरण, पहले आदमी को अंतरिक्ष में भेजना और विदेशी नीतियों की सुविधा देना उनके चतुर नेतृत्व को दर्शाती हैं।

चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि इंदिरा गांधी ऐसी महिला थीं। जिन्होंने न केवल भारतीय राजनीति बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी उल्लेखनीय प्रभाव छोड़ा। इस कारण उन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नानग राम लांबा, पंचायत समिति सदस्य गोपाल गुलिया, सरपंच मुकेश कुमार मीणा, बाबूलाल गढ़वाल, पार्षद एडवोकेट धीरेन्द्र सैनी, महेश कुमार यादव, इमामुद्दीन कुरेशी, अशोक कुमार रच्छौया, राजेंद्र कुमार इंदौरा, मालीराम नेटवाडिया, वरिष्ठ कांग्रेस जन अर्जुन लाल निठारवाल, मदनलाल इंदौरिया, अशोक कुमावत, तुलसीराम पंवार, विनोद पंवार, एमडी भदाला, रामस्वरूप सौंकरिया, पुष्पेंद्र कुमावत, कमलेश मीणा, नानूराम मंडोलिया, एडवोकेट रोहित यादव, मनोज दीक्षित, रामचंद्र भोमाका, मास्टर श्याम शर्मा व राकेश इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर टीचर प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाहोता में पांच दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ । जिसके मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच श्याम प्रताप सिंह राठौड, अध्यक्षता एसीबीईओ दिनेश सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ रेखा शर्मा रहे । स्थानीय सरपंच ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कर्तव्य और अधिकारों पर विस्तार से बताया । एसीबीओ दिनेश सिंह शेखावत ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर टीचर को आपस में समन्वय स्थापित करके बच्चों का समग्र विकास करना चाहिए । साथ ही एसीबीईओ रेखा शर्मा ने कहा नारी घर को स्वर्ग बनाती है । इस अवसर पर शिविर प्रभारी अजय कुमार शर्मा, व्यवस्थापक राधेश्याम प्रजापत, दक्ष प्रशिक्षक एवं प्रधानाचार्य बृजकिशोर शर्मा, दक्ष प्रशिक्षक एवं सुपरवाइजर विमला शर्मा, दक्ष प्रशिक्षक साहिबा कौर, रेखा यादव, महेंद्र सैनी, हरपाल ग्रेड, विजय शंकर शर्मा, सोनू शर्मा, मनीष कुमावत, राम सिंह मीणा, सुरेंद्र सिंह गहलोत एवं 129 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे ।



## श्रीमाधोपुर पहुँचने पर हुआ महन्त रामफूलदास जी महाराज का भव्य स्वागत

**सीकर (हमारा वतन)।** बाबा रामदेव जी महाराज के परम भक्त महावीर प्रसाद के निवास स्थान दिवराला (श्रीमाधोपुर) पहुंचने पर सर्व सिद्धेश्वर धाम मालेरा महन्त रामफूलदास जी महाराज का माला पहनाकर, रामनाम शोल ओढ़ाकर स्वागत किया व बाबा श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज ने बताया की भक्ति में शक्ति है जो श्रद्धालु के जीवन में उन्नति के मार्ग खुलते हैं, समस्याओं का समाधान होता है ईश्वर शरण प्राप्ति होती है । इस अवसर पर सवाई सिंह, परमा देवी, विमला देवी, संगीता, सीमा देवी, शिवांश, सुरेश यादव मोरीजा आदि मोजूद रहे ।

# पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी का चौमूं पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** माली सैनी महासभा पंचायत संस्था जयपुर देहात के महामंत्री चौसालाल सैनी के नेतृत्व में पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी, संदीप शर्मा विधायक कोटा व भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों का झुंझुनु से जयपुर आते समय हाड़ोता बाईपास पर साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कृषि मंत्री डॉ. सैनी ने सेनणा (सहजन) पौधे के महत्व व इसके उत्पाद के गुणों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर PWD मंत्री के निजी सचिव प्रभाती लाल सैनी, सुरेश तंवर



महासचिव महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान चौमूं, कोयली देवी, सुनिता सैनी, संगीता, सुमन, ईशान तंवर, सावन, अक्ष, निमिषा, शीनू, कुन्नु आदि लोग मौजूद रहे ।



## अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने धूमधाम से मनाया भैरव जन्मोत्सव

**रींगस (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने धूमधाम से रींगस भेरुजी का जन्मदिन बाबा का सिंगार करके, आरती करके व मावे का 51 किलो का केक काटकर के जन्मदिन मनाया । इस दौरान साथ में सत्संग बंसल गोपाल भाई, राहुल दाधीच, सचिन शर्मा, दीपेश शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# भारत जोड़ो ग्राम यात्रा का दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं नगरपालिका में राज्य सरकार से मनोनीत पार्षद राजेश कुमार वर्मा एवं कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक उपाध्यक्ष लोकेश दह्लाका के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो ग्राम यात्रा में ग्राम कालाडेरा में शामिल होकर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। साथ ही ग्राम टाकरडा तक यात्रा की।

इस अवसर पर यात्रा में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रूक्शमणी कुमारी, डॉ सीपी यादव, डॉ हनुमान बराला, डॉ देशराज गढ़वाल, हनुमान गोरा, कैलाश राज सैनी सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता यात्रा में मौजूद रहे ।

इस दौरान नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष भानु प्रसाद सैनी, सेवादल कांग्रेस के ब्लॉक



उपाध्यक्ष कमलेश कुमार यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चौमूं विधानसभा अध्यक्ष शहजाद खान लोहानी सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।






# तमन्ना भाटिया क्या कर रही हैं शादी?

## एक्ट्रेस ने मिलवाया अपने बिजनेसमैन मंगेतर से!

तमन्ना भाटिया के लाखों दीवाने हैं। उनकी खूबसूरती पर सभी अपना दिल हार बैठते हैं। अब हाल ही में ऐसी खबर आई जिसे सुनकर फैंस हैरान हो गए। दरअसल, यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी कि एक्ट्रेस जल्द शादी कर सकती हैं। उन्हें मुंबई के एक बिजनेसमैन ने प्रपोज किया है और एक्ट्रेस ने उनके प्रपोजल को एक्सेप्ट कर लिया है। इतना ही नहीं खबर तो यह भी आई कि एक्ट्रेस को वह बिजनेसमैन काफी समय से इम्प्रेस करने की कोशिश कर रहा था और अब जाकर एक्ट्रेस मानी हैं। इस खबर के वायरल होने के बाद एक्ट्रेस ने अब इन खबरों पर रिएक्शन दिया है। हालांकि उन्होंने जिस स्टाइल में जवाब दिया है वह काफी मजेदार है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मजेदार वीडियो शेयर किया है।

**एक्ट्रेस का रिएक्शन-**एक्ट्रेस ने पहले अपना वीडियो शेयर किया जिसमें वह सुंदर सी साड़ी पहने रूम के अंदर जाती हैं। इसके बाद वह दूसरा वीडियो शेयर करती हैं जिसमें वह एक आदमी के लुक में नजर आती हैं और इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ये है मेरा बिजनेसमैन पति। इसके साथ उन्होंने हैशटैग में लिखा कि सभी मेरी लाइफ की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं।बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

## हिन्दुस्तानी भाऊ को उर्फी जावेद का जवाब- मैं सुधरने को तैयार नहीं, सनी लियोनी के बारे में कही ये बात

अभिनेत्री उर्फी जावेद अक्सर अपने स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर चर्चा में रहती हैं। उर्फी जावेद कभी इसको लेकर ट्रोल होती हैं तो कभी खूब वाहवाही लूटती हैं। वहीं उर्फी इन दिनों स्प्लिट्सविला 14 और हिन्दुस्तानी भाऊ को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। हाल ही में पैपराजी से बातचीत के दौरान उर्फी ने बातों ही बातों में न सिर्फ हिन्दुस्तानी भाऊ को जवाब दिया बल्कि साथ ही साथ सनी लियोनी को लेकर भी रिएक्ट किया।**मैं अभी सुधरने को तैयार नहीं...**दरअसल कुछ वक्त पहले उर्फी जावेद के कपड़ों को लेकर हिन्दुस्तानी भाऊ ने अपनी राय रखी थी और उन्हें सुधरने को कहा था। ऐसे में जब हाल ही में उर्फी पैपराजी के सामने आईं तो एक्ट्रेस से इस बारे में रिएक्शन पूछा गया। उर्फी ने इस सवाल पर सीधे तौर पर कुछ भी कहने से मना कर दिया लेकिन फिर बातों ही बातों में कह दिया,मैं अभी सुधरने को तैयार नहीं हूं। हालांकि इस बारे में उर्फी अधिक बात करने से बचती दिखीं।



**सनी लियोनी पर रिएक्शन-** बता दें कि उर्फी, स्प्लिट्सविला 14 में भी नजर आ रही हैं, जिसे सनी लियोनी होस्ट करती हैं। सनी के बारे में सवाल पर उर्फी ने कहा, वो बहुत बहुत बहुत स्वीट हैं। मैंने सोचा नहीं था कि वो इतनी प्यार होंगी। मुझे लगा था कि वो कहेंगी- होगी कोई उर्फी मुझे क्या..., लेकिन उन्होंने मुझसे मिलते ही कहा कि वो मेरी फैन हैं और मुझे बहुत पसंद करती हैं। उर्फी ने आगे कहा कि ये बहुत बड़ी बात है कि कोई इतना बड़ा नाम होकर भी इतना हंबल रहे।

## जाह्नवी कपूर ब्लू स्ट्रैपलेस गाउन में लूटा फैन्स के दिल का चैन, जमकर फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



**जाह्नवी कपूर ने हाल ही में एक ब्लू गाउन और ग्लब्स पहन जमकर सुर्खियां बटोरीं** जाह्नवी कपूर की हाल ही में शेयर की गई जलपरी जैसे दिखने वाले इस स्ट्रेपलेस गाउन में ये तस्वीरें आपको दीवाना बना देंगी। इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर का लुक और अदाएं दोनों ही एक अलग लेवल की हैं,जाह्नवी कपूर ने हाल ही में एक ब्लू गाउन और ग्लब्स पहन जमकर सुर्खियां बटोरीं और ये मौका था मुंबई में एक स्टार-स्टड अवॉर्ड शो का। जाह्नवी कपूर ने अपनी डिजाइनर आउटफिट को जलपरी जैसा टच दिया और रेड-कार्पेट पर चलते हुए फैन्स के होश उड़ा दिए। जाह्नवी का ये खूबसूरत गाउन फाल्गुनी शेन पीकॉक के लक्ज़री डिज़ाइनर हाउस का है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए जाह्नवी कपूर ने इन्हें कैप्शन दिया - वो दृष्टि थी बॉटलिकली वीनस मीट द लिटिल मरमेड। खुद डिजाइनर फाल्गुनी पीकॉक ने जाह्नवी कपूर की पोस्ट पर कमेंट किया और लिखा, स्टनिंग !!! और कई हार्ट और फायर इमोजी शेयर किए। जाह्नवी कपूर के इस गाउन में कमर के चारों ओर फिगर ग्रासिंग डिटेलिंग के साथ एक प्लंजिंग नेकलाइन और एक लंबा निशान है। जाह्नवी कपूर ने अपने लुक में एक विंटेज टच जोड़ते हुए, अपने ग्लैमरस सिल्हूट को ब्लू ग्लब्स के साथ टीमअप किया।सोशल मीडिया पर के लाखों फैन्स हैं, जो उनके इस लुक को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर जो कुछ भी शेयर करती हैं वो आते ही वायरल हो जाता है।जाह्नवी कपूर इस बॉडीकॉन गाउन में बेहद क्लासी और रॉयल टच में फैन्स का दिल धड़काती नजर आईं।



# पार्टनर में दिखने लगे हैं डिप्रेशन

## और एंग्जाइटी के संकेत,तो एक्सपर्ट द्वारा बताई गई इन टिप्स के साथ करें उनकी मदद

डिप्रेशन या एंग्जाइटी से गुज़र रहे व्यक्ति की मानसिक हालत को समझना काफी मुश्किल हो सकता है, जिसकी वजह से आप खुद को कई बार हेल्प लेस महसूस कर सकती हैं। इसलिए हम आपके लिए लाएं हैं ऐसे टिप्स जिसकी मदद से आप उनकी मदद कर पाएंगी।यदि आपका कोई अपना बीमार हो तो आप सबसे पहले उनकी देखभाल करना चाहेंगे। हर किसी का यही रिएक्शन होता है जब वे सुनते कि उनके पार्टनर की तबीयत ठीक नहीं है। एक बार जब आपको वजह पता चल जाए तो आप पूरी तरह से उनका ख्याल रखने की कोशिश करते हैं। मगर तब क्या हो जब आप उनकी बीमारी की वजह पता होते हुये भी कुछ न कर पाएं।यदि आपके पार्टनर भी किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से गुज़र रहे हैं, तो आपके लिए उनकी स्थिति को समझना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। डिप्रेशन या एंग्जाइटी से गुज़र रहे व्यक्ति की मानसिक हालत को समझना काफी मुश्किल हो सकता है, जिसकी वजह से आप खुद को कई बार हेल्प लेस महसूस कर सकती हैं।लेकिन चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि हम आपके लिए लाएं हैं ऐसे टिप्स जिसकी मदद से आप उनकी स्थिति को बेहतर तरीके से समझ पाएंगी।



**धीरज रखें उन्हें सुनने की कोशिश करें-**आपके लिए भी उनके साथ डील करना काफी मुश्किल हो सकता है। इसलिए खुद में भी थोड़ा धीरज लाएं। उनकी बातों को सुनने और समझने की कोशिश करें। वे जो भी कह रहे हैं, उसे काटने की कोशिश न करें। इससे उन्हें लग सकता है कि कोई उनकी भावनाओं को नहीं समझ रहा है। इसलिए आप भी धीरज रखें।डॉ. आशुतोष का कहना है कि ऐसे लोगों की बात सुनना बहुत ज़रूरी है, ताकि उन्हें भी यह एहसास हो सके कि उन्हें वाकई कोई समझ रहा है। इसलिए सबसे पहले उन्हें अपनी बात पूरी करने दें।

(कविता)

## मैं शब्दों के मोती चुनने वाला

मैं शब्दों के मोती चुनने वाला
मैं भावों की माला बीनने वाला
संगीत का मुझको भान नहीं
मेरे मन के मीत हो तुम
मेरे गजल और गीत हो तुम

आसमान का सतरंगी बाना
मेरे जीवन का तुम्ही तराना
बना हूँ मैं भी तेरे लिए ही
इस दिल की सहजादी हो तुम

मेरे मन के मीत हो तुम
मेरे गजल और गीत हो तुम

खाली रातों का सपना हो तुम
प्यासी आंखों का पानी हो तुम
बुझे बुझे से दिल की मेरे
सावन की मोहक बारिश हो तुम

मेरे मन के मीत हो तुम
मेरे गजल और गीत हो तुम

मेरे राग रंग तराना तुम
मेरी लय और गाना तुम
साज भी तुम संगीत भी तुम

मेरे मन के मीत हो तुम
मेरे गजल और गीत हो तुम



विनोद शर्मा वेणु
बिहार




# रोहित से छिन सकती है टी-20 कप्तानी

## हार्दिक बन सकते हैं कैप्टन, हिटमैन वनडे-टेस्ट में लीड करते रहेंगे



**मुंबई।** टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी को बर्खास्त करने के बाद अब BCCI की नजर टी20 कप्तान रोहित शर्मा पर है। ऐसा कहा जा रहा है कि उन्हें टी-20 की कप्तानी से हटाया जा सकता है। टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। BCCI ने चेतन शर्मा की अगुआई वाली सिलेक्शन कमेटी को बर्खास्त कर दिया था। चेतन शर्मा के अलावा तीन अन्य चयनकर्ताओं को भी पद से हटा दिया है। इनके लिए आवेदन बुलाए गए हैं। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, सिलेक्शन कमेटी के बाद अब कप्तान रोहित शर्मा पर करवाई की जा सकती है। रोहित वनडे और टेस्ट क्रिकेट के कप्तान बने रहेंगे, जबकि 2024 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए हार्दिक पंड्या को टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। फिलहाल, हार्दिक न्यूजीलैंड दौरे पर गई टीम इंडिया के टी-20 के कप्तान हैं। अगर उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन बेहतर रहता है तो जल्द ही उनके नाम पर मुहर लग सकती है।

**टी-20 में रोहित का परफॉर्मेंस-** टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित का खुद का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा। उन्होंने 6 मुकाबलों में 19.33 की औसत से 116 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 106.42 का रहा है। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने दो बड़े टूर्नामेंट में भाग लिया।

## मनिका बत्रा ने एशिया कप में रचा इतिहास, कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

**नई दिल्ली।** मनिका एक करोड़ 63 लाख रुपये की इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला थीं। उन्हें सेमीफाइनल मैच में चौथी वरीय जापान की मीमा इतो ने हराया था। एशिया कप टेबल टेनिस में देश की नंबर एक महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने इतिहास रचते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। उन्होंने कांस्य पदक मैच में हिना हयाता को 4-2 से हराया। हिना हयाता की रैंकिंग छह है। वह तीन बार इस इस टूर्नामेंट को जीत चुकी हैं। इस दिग्गज को खिलाड़ी को हराकर मनिका ने देश का नाम रोशन किया। मनिका एक करोड़ 63 लाख रुपये की इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला थीं। उन्हें सेमीफाइनल मैच में चौथी वरीय जापान की मीमा इतो ने हराया था। गैर वरीयता प्राप्त मनिका इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी से हारी थीं। मीमा इतो ने उन्हें 8-11 11-7 7-11 6-11 11-8 7-11 (2-4) से हराया था।39 साल के टूर्नामेंट के इतिहास में 2015 में शरत कमल ने और 2019 में जी साथियान ने छठा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट में एशिया के टॉप 16-16 पैडलर विश्व रैंकिंग और क्वालिफिकेशन के आधार पर खेलते हैं।

स्पोर्ट्स ब्रीफ

# FIFA-2022 पर एलन मस्क का बड़ा ऐलान

## ट्विटर पर दिखाया जाएगा वर्ल्ड कप का पहला मैच, मस्क बोले- बेस्ट कवरेज और रियल-टाइम कमेंट्री होगी

**कतर।** कतर में होने जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2022 को लेकर ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने एक बड़ी अनाउंसमेंट की है। एलन मस्क ने हाल ही में ट्वीट कर कहा है कि ट्विटर को वर्ल्ड कप के पहले मैच की लाइव कवरेज और रियल-टाइम कमेंट्री करेगा। दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क ने ट्वीट कर लिखा, वर्ल्ड कप का पहला मैच रविवार को है। ट्विटर पर देखें बेस्ट कवरेज और रियल-टाइम कमेंट्री। हालांकि, एलन मस्क ने अपने इस ट्वीट में फीफा का जिक्र नहीं किया है, लेकिन उन्होंने वर्ल्ड कप लिखा है। इतना ही नहीं ट्वीट में मस्क ने मैच के कवरेज और कमेंट्री को लेकर भी अन्य कोई डिटेल्स शेयर नहीं की हैं। फीफा वर्ल्ड कप 2022 के 22वें सीजन की शुरुआत कतर में हो रही है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मस्क ट्वीट में फीफा वर्ल्ड कप की ही बात कर रहे हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email- hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# सिर्फ सोशल मीडिया से न बनेगा जनमत

अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका पर सवाल उठाकर एक पुरानी बहस को फिर से हवा दे दी है। उनका मानना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से चुनावों में धांधली हो सकती है और यह किसी भी पार्टी को जिता सकने में सक्षम है। उनका यह दावा सच के कितना करीब है?निश्चय ही, पिछले दो दशकों में भारतीय समाज में सोशल मीडिया का असर बढ़ा है, खासतौर से राजनीति और चुनाव के लिहाज से। 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जो नेता भाजपा की उम्मीदवारी का टिकट चाहते हैं, उन्हें न सिर्फ सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दिखानी होगी, बल्कि उनको वहां सक्रिय भी रहना होगा। उनकी मंशा थी कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके भाजपा उम्मीदवार पार्टी की बातों को मजबूती से लोगों के बीच रख सकें। अभी कुछ समय पहले ऐसी रिपोर्ट भी आई है कि फेसबुक जैसे मंच किसी एक पार्टी के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। जाहिर है, राहुल गांधी के ताजा बयान के बाद पुराने तमाम मसले भी सुर्खियों में आ गए हैं। क्या वाकई सोशल मीडिया जनादेश बदल सकता है? इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले हमें कुछ तथ्यों से रूबरू हो जाना चाहिए। आज देश की करीब आधी आबादी सोशल मीडिया पर मौजूद है। सीएसडीएस-लोकनीति द्वारा अक्तूबर में किए गए सर्वे को मानें, तो वाट्सएप, यू-ट्यूब और फेसबुक सोशल मीडिया के शीर्ष तीन मंच हैं। इसके बाद इंस्टाग्राम और ट्विटर का स्थान आता है। सर्वे के मुताबिक, देश की 34 फीसदी आबादी वाट्सएप का सक्रियता से इस्तेमाल करती है, जबकि नौ प्रतिशत कभी-कभार। 57 प्रतिशत लोग तो वाट्सएप पर हैं ही नहीं। इसी तरह, यू-ट्यूब पर 27 प्रतिशत लोग सक्रिय हैं, जबकि 14 फीसदी यदा-कदा यहां आते हैं। 59 फीसदी भारतीय इससे दूर हैं। फेसबुक पर भी 23 फीसदी लोगों की सक्रियता है और 63 फीसदी की दूरी।


राम गोपाल सैनी

## जिला आईईसी समन्वयकों की राज्य स्तरीय बैठक

# मरनेगा कार्यो की आईईसी में नवाचार और जनजुड़ाव के तौर-तरीके अपनाएं जिला आईईसी समन्वयक : शिवांगी

**जयपुर(नि.सं.)।** मनरेगा आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार ने जिला स्तर पर कार्य कर रहे आईईसी समन्वयकों को उनके जिले में योजनान्तर्गत किए जा रहे अच्छे कार्यों को नियमित रूप से जनसंचार के विभिन्न स्थानीय माध्मयों एवं राज्य स्तर पर भी शोकेस करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना में प्रदेश में काफी राशि खर्च की जा रही है, उपयोगी स्थायी परिसम्पत्तियों का निर्माण हो रहा है, गांव में गरीब व्यक्तियों तक इसका लाभ मिल रहा है, पलायन रुक रहा है लेकिन आईईसी की कमी के कारण इसकी जानकारी लोगों तक उस तरह पहुंच नहीं पा रही है। स्वर्णकार ने गुरूवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आईईसी समन्वयकों की राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभिन्न लाइन विभागों के साथ मिलकर मनरेगा में खेल मैदान, एनिकट निर्माण, चरागाह विकास, अमृत सरोवर, पंजशाला कार्य, ग्रेवल सड़क निर्माण, पौधारोपण सहित काफी कुछ किया जा रहा है, लेकिन इन



कार्यों को उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, सफलता की कहानी एंव शॉर्ट वीडियो के माध्यम से विभिन्न संचार माध्यमों पर प्रदर्शित, प्रकाशित, प्रसारित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए एक चैनल और फीडबैक की प्रक्रिया विकसित करने के निर्देश दिए। स्वर्णकार ने सभी आईईसी कॉर्डिनेटर्स के लिए सुनिश्चित लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना तय करने एवं हर माह 5 तारीख तक मासिक रिपोर्ट देने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने प्रचार-प्रसार के लिए नए नवाचार एवं सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने को कहा। अतिरिक्त आयुक्त प्रथम ईजीएस के.एम.दुडिया ने आईईसी कॉडिनेटर्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक मरनेगा के अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार करने को कहा। राजस्थान सुजस सम्पादकीय से जनसम्पर्क अधिकारी आशाराम खटीक ने सफलता की कहानियों के लेखन, उनकी भाषा एवं गठन पर आईईसी कॉर्डिनेटर्स को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार में भाषा की मर्यादा के साथ ही उसकी सहजता भी जरूरी है। आंकड़े एवं तथ्यों की पुष्टि भी किया जाना आवश्यक है। अधिषासी अभियंता, ईजीएस भास्कर त्रिपाठी ने सम्बोधित करते हुए जिला आईईसी समन्वयकों को नियमित रूप से रिपोर्टिंग करने, स्थानीय स्तर पर प्रकाशित समाचार का रिकॉर्ड रखने एवं मुख्यालय भेजने, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी अभियान का प्रचार प्रसार करने, जनमनरेगा एप स्वयं डाउनलोड करने एवं सम्बन्धितों, जनप्रतिनिधियों को डाउनलोड कराने को कहा जिससे स्थानीय स्तर पर मनरेगा कार्यों की जानकारी मिल जाए।



## महेंद्र शर्मा बने प्रदेश प्रवक्ता शिक्षा प्रकोष्ठ

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने श्याम नगर, रेलवे स्टेशन रोड, चौमूं निवासी महेंद्र कुमार शर्मा (शास्त्री) को प्रदेश प्रवक्ता शिक्षा प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया । इस दौरान महेंद्र कुमार शर्मा (शास्त्री) ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य पंडित छोटीलाल शर्मा उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय कोसीडीसी अवाड्र्स-2022

# समग्र एवं बहुआयामी औद्योगिक विकास के लिए सरकार हरसंभव प्रयासरत-रावत

**जयपुर(नि.सं.)।** राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रीयल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड(रीको) के तत्वावधान में काँसिल ऑफ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया(कोसीडीसी) की ओर से अष्टम् राष्ट्रीय कोसीडीसी अवाड्र्स - 2022 समारोह जोधपुर जिले के शिकारगढ़ स्थित होटल इण्डाना में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कोसीडीसी की ओर से देश के विभिन्न हिस्सों की कंपनियों, संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पदाधिकारियों एवं उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए नेशनल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। आउटस्टेडिंग एसआईडीसी अवार्ड ईडीसी लिमिटेड, गोआ को प्रदान किया गया। समारोह में आन्ध्रप्रदेश, गोवा, केरल, कर्नाटक, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु एवं राजस्थान राज्यों के 50 उद्यमियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इनमें सर्वाधिक 21 उद्यमी राजस्थान के हैं। मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में देश के तीव्र एवं समग्र औद्योगिक विकास में कोसीडीसी की महत्वपूर्ण भूमिका बताते अवाड्र्स प्राप्त करने वाले सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने राजस्थान में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता, कृषि उत्पादन, खनिज भण्डारों, रिन्यूएबल एनर्जी आदि का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उद्योगों के विकास एवं विस्तार के साथ ही इनमें उत्तरोत्तर निवेश की अपार संभावनाएं हैं।




## गुजरात राज्य विधानसभा आम चुनाव

# गुजरात से लगते हुए राज्य के सीमावर्ती जिलों में सूखा दिवस घोषित

**जयपुर(नि.सं.)।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर गुजरात राज्य में विधानसभा आम चुनाव-2022 के मध्य नजर गुजरात राज्य से लगते हुए राज्य के सीमावर्ती जिलों में मतदान एवं मतगणना दिवसों के दौरान 48 घंटे पूर्व से सूखा दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में संयुक्त शासन सचिव वित्त (आबकारी) विभाग जसवंत सिंह की ओर से जारी आदेशानुसार गुजरात राज्य में विधानसभा आम चुनाव फेज प्रथम में एक दिसंबर एवं फेज द्वितीय में 5 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि फेज प्रथम में गुजरात राज्य के कच्छ जिले में चुनाव होने के कारण इस जिले की सीमाओं से लगते हुए राज्य के सीमावर्ती जिला बाड़मेर में सूखा दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह फेज द्वितीय के दौरान गुजरात राज्य के बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, दाहोद एवं महीसागर जिलों में आम चुनाव होने के कारण इन जिलों की सीमाओं से लगते हुए राज्य के सीमावर्ती जिलों जालौर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, एवं बांसवाड़ा में सूखा दिवस घोषित किया गया है। इन जिलों की सीमाओं के तीन किमी. परिधीय क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से अर्थात फेज प्रथम के लिए 29 नवंबर 2022 को सायंकाल 5 बजे से 1 दिसंबर 2022 को सायंकाल 5 बजे तक सूखा दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि फेज द्वितीय के लिए 3 दिसंबर 2022 को सायंकाल 5 बजे से 5 दिसंबर 2022 को सायंकाल 5 बजे मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 8 दिसंबर 2022 को सूखा दिवस घोषित किया गया है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा